# आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 25.07.2026 समय : 1905

1. शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने अपने पद से दिया इस्तीफा– उन्होंने कहा भारत की युवा शक्ति देश की सबसे बड़ी ताकत है।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से 'मन की बात' कार्यक्रम में अपने विचार साझा करेंगे।
3. शिक्षा मंत्रालय ने शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित प्रारूप नियम जारी किए है।
4. कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा कल फ्लैग प्वाइंट पर कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को भेजे अपने त्याग पत्र में श्री प्रधान ने कहा कि पिछले दस दिन की घटनाओं से उनका मन व्यथित था और यह उनके लिए व्यक्तिगत प्रतिष्ठा का विषय नही है। उन्होंने कहा कि भारत की युवा शक्ति देश की सबसे बडी ताकत है और युवाओं को भ्रम के कुचक्र में नहीं फंसने देंगे। श्री प्रधान ने कहा कि उन्होंने त्यागपत्र इस लिए दिया ताकि जंतर–मंतर और देश में जो वर्तमान स्थिति बनी है उसका राष्ट्रविरोधी ताकतें लाभ न उठा सकें। त्याग पत्र में श्री प्रधान ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन, विश्वास और सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी कल सुबह 11 बजे आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम में देश और विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह मासिक रेडियो कार्यक्रम का एक सौ छत्तीसवां एपिसोड होगा। कार्यक्रम का प्रसारण आकाशवाणी और दूरदर्शन के पूरे नेटवर्क, एआईआर न्यूज़ वेबसाइट और न्यूज़ऑनएयर मोबाइल ऐप पर किया जाएगा। इसका सीधा प्रसारण आकाशवाणी, दूरदर्शन, प्रधानमंत्री कार्यालय और सूचना तथा प्रसारण मंत्रालय के यूट्यूब चौनल पर भी होगा। हिंदी प्रसारण के तुरंत बाद आकाशवाणी क्षेत्रीय भाषाओं में भी इस कार्यक्रम का प्रसारण करेगा।

<><><><><><><>

आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के तहत द्वीप समूह में स्वास्थ्य सेवाओं के डिजिटलीकरण की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए डॉ. आर. पी. अस्पताल, मायाबंदर तथा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, तुगापुर में हॉस्पिटल मैनेजमेंट इंफॉर्मेशन सिस्टम लागू कर दिया गया है। इससे दोनों स्वास्थ्य संस्थानों में मरीजों को अधिक तेज, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। पीएचसी तुगापुर में कल ई–सुश्रुत लाइट एच एम आई एस का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (प्रभारी) डॉ. शैलजा पी. ने स्वास्थ्य कर्मियों से डिजिटल प्रणाली का अधिकतम उपयोग करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि इससे मरीजों की बेहतर देखभाल, अस्पताल प्रबंधन और स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वे ओपीडी पंजीकरण को आसान और त्वरित बनाने के लिए अस्पताल आते समय अपना आभा कार्ड या आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर साथ लेकर आएं।

<><><><><><><>

महिला सुरक्षा प्रभाग, गृह मंत्रालय की अनुशंसा पर नेताजी सुभाष चंद्र बोस पुलिस प्रशिक्षण संस्थान, श्री विजयापुरम में हाल ही में मानव तस्करी रोकथाम विषय पर एक दिवसीय राज्य स्तरीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में अंडमान एवं निकोबार प्रशासन, केंद्रीय पुलिस संगठनों, विभिन्न विभागों, अंडमान लॉ कॉलेज तथा अंडमान एवं निकोबार पुलिस के अधिकारियों सहित कुल 102 प्रतिभागियों ने ऑफलाइन और ऑनलाइन माध्यम से भाग लिया। सम्मेलन का उद्‌घाटन पुलिस महानिरीक्षक (प्रशिक्षण) गीता रानी वर्मा ने किया। इस अवसर पर एन एस सी बी पी टी आई के प्राचार्य उमा शंकर भी उपस्थित रहे। राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय, गांधीनगर के विशेषज्ञों ने मानव तस्करी की रोकथाम, भारतीय न्याय संहिता के प्रावधान, जबरन श्रम, यौन शोषण और पीड़ितों के बचाव एवं पुनर्वास जैसे विषयों पर विस्तृत जानकारी दी। सम्मेलन का उद्देश्य मानव तस्करी की रोकथाम के लिए विभिन्न विभागों के बीच समन्वय और संबंधित अधिकारियों की क्षमता को सुदृढ़ करना था।

<><><><><><><>

शिक्षा मंत्रालय के स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग द्वारा शिक्षा का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत विद्यालयों में प्रवेश प्रक्रिया से संबंधित प्रारूप नियम जारी किए गए हैं। यह प्रारूप संशोधन नियम शिक्षा विभाग की वेबसाइट education.andaman.gov.in पर उपलब्ध है। शिक्षा विभाग ने विद्यालय प्रधानाचार्यों, स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों, शिक्षकों, अभिभावकों, नागरिक समाज संगठनों तथा अन्य संबंधित व्यक्तियों से सुझाव और प्रतिक्रियाएँ आमंत्रित की हैं। इच्छुक व्यक्ति 15 दिनों के भीतर अपने सुझाव ई–मेल के माध्यम से भेज सकते हैं।

<><><><><><><>

कारगिल विजय दिवस के उपलक्ष्य में कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा कल शाम साढ़े पांच बजे फ्लैग प्वाइंट पर देशभक्ति सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में देशभक्ति एवं राष्ट्रभक्ति गीतों की प्रस्तुतियों के साथ द्वीप समूह के कवियों द्वारा वीर सैनिकों को समर्पित काव्य पाठ किया जाएगा। इस अवसर पर कारगिल युद्ध में देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों के अदम्य साहस और बलिदान को श्रद्धापूर्वक नमन किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य देशभक्ति, एकता, साहस और मातृभूमि के प्रति समर्पण की भावना को सुदृढ़ करना है।

<><><><><><><>

आई सी ए आर–केंद्रीय द्वीपीय कृषि अनुसंधान संस्थान, ने वन महोत्सव के तहत दक्षिण अंडमान वन प्रभाग के सहयोग से गाराचरमा फार्म में पौधरोपण अभियान आयोजित किया। कार्यक्रम का उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण बढ़ाने तथा प्राकृतिक संसाधनों के सतत प्रबंधन के प्रति जागरूकता फैलाना था। कार्यक्रम में अपर प्रधान मुख्य वन संरक्षक एम. राजकुमार, तथा आईसीएआर–सी आई ए आर आई के निदेशक डॉ. जय सुंदर उपस्थित रहे। दक्षिण अंडमान वन प्रभाग ने अभियान के लिए बांस, आंवला और नींबू के 200 पौधे उपलब्ध कराए। अभियान में वन विभाग के अधिकारियों सहित संस्थान के वैज्ञानिकों, तकनीकी, प्रशासनिक एवं अन्य कर्मचारियों सहित कुल पिचासी प्रतिभागियों ने पौधरोपण किया। इस अवसर पर डॉ. जय सुंदर ने पर्यावरण संरक्षण, हरित क्षेत्र बढ़ाने तथा सतत कृषि के साथ वृक्षारोपण को जोड़ने की आवश्यकता पर बल दिया।

<><><><><><><>

सत्ततरवें वन महोत्सव के अवसर पर मध्य अंडमान वन प्रभाग द्वारा आज सुबह पेड़ लगाओ, धरती बचाओ विषय पर मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। मैराथन में लगभग तीन सौ पचास लोगों ने भाग लिया। मिनी मैराथन को मध्य अंडमान के प्रभागीय वन अधिकारी विकास यादव ने रंगत स्थित फॉरेस्ट चेक पोस्ट से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मैराथन पर्णशाला फॉरेस्ट नर्सरी होते हुए हवामहल स्थित प्रभागीय वन अधिकारी कार्यालय के समीप संपन्न हुई। इस अवसर पर प्रभागीय वन अधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि इस प्रकार के जन–जागरूकता कार्यक्रम लोगों में पर्यावरण के प्रति जिम्मेदारी की भावना विकसित करने के साथ–साथ वनों के संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण के लिए सामूहिक प्रयासों को प्रोत्साहित करते हैं।

<><><><><><><>

भारत सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय के केंद्रीय संचार ब्यूरो, चेन्नई ने तमिलनाडु, पुडुचेरी तथा द्वीप समूह के निजी सांस्कृतिक दलों और व्यक्तिगत कलाकारों से पैनल में शामिल होने के लिए आवेदन आमंत्रित किए हैं। चयनित कलाकारों एवं दलों को भारत सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रचार–प्रसार के लिए नुक्कड़ नाटक, लोक नाट्य, कठपुतली एवं मैजिक शो, नृत्य नाटिका, पौराणिक कथा–वाचन तथा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों में प्रस्तुति का अवसर दिया जाएगा। इच्छुक आवेदक आवश्यक दस्तावेजों सहित अपना आवेदन सीबीसी, चेन्नई कार्यालय में डाक के माध्यम से भेज सकते हैं। आवेदन करने की अंतिम तिथि 5 अगस्त है। आवेदन पत्र एवं विस्तृत जानकारी सीबीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>